<table>
<tr><td>तारीख हुक्म</td><td>हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज

सोहनलाल पंवार बनाम लो.सू.अ.(अपर जिला कलक्टर प्रथम जोधपुर)

सू.अ.अ. अपील संख्या 216 / 2020</td><td>नं0 व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए</td></tr>
<tr><td>03.12.20</td><td>अपीलार्थी सोहनलाल पंवार, पता गांव धींगाणा पोस्ट गुड़ा विश्नोईयान तहसील लूणी, जिला जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना–पत्र दिनांक 03.09..20 में उसके द्वारा (1) मुझ नागरिक द्वारा दिनांक 9 अगस्त, 2020 को जिला कलक्टर महोदय को जरिये मेल प्रेषित किया गया के संबंध में कार्यालय से दिन प्रतिदिन हुई कार्यवाही , से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर प्रथम जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई।

अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो.पक्ष (अपर जिला कलक्टर जोधपुर) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। अपीलार्थी अनुपस्थित।

हमने पत्रावली का अवलोकन किया। लो.सू.अ..(अपर जिला कलक्टर जोधपुर.) से जरिये पत्रांक 1023 दिनांक 11.11.2020 रिपोर्ट प्राप्त हुई जिसमें बतलाया गया कि उप जिला निर्वाचन अधिकारी, अपर जिला कलक्टर प्रथम जोधपुर से प्राप्त रिपोर्ट अनुसार अपीलार्थी को इस कार्यालय के पत्र संख्या 950 दिनांक 21.10.2020 द्वारा कुल 04 पृष्ठों की सूचना प्रेषित की जा चुकी है। चूंकि लोक सूचना अधिकारी द्वारा अपीलार्थी को सूचना प्रेषित की जा चुकी है अतः अपील इस स्टेज पर निरस्त योग्य होने से निरस्त की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।</td><td></td></tr>
</table>

Signature Not Verified
Digitally signed by Anoop Singh Inda
Date: 2021.01.29 14:54:18 IST
Reason: SelfAttested